तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 30 सितंबर 2024

10 उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित हुए गिरीश

10 तीज एवं सृजन सम्मान समारोह में शिक्षकों ...




## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से मौत

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आंवराडबरी के तालाब में एक व्यक्ति के डूबने से उनकी मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार आंवराडबरी निवासी मृतक लोकनाथ ध्रुव (57 वर्षीय) दोपहर में राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 353 स्थित सड़क किनारे के तालाब में नहाने गया था। इस दौरान वह व्यक्ति नहाते के दौरान कमल फूल तोड़ने के लिए गहरे पानी में चला गया। वह कमल के फूल तोड़ते हुए पानी के अंदर कमल फूल पत्तों के नीचे की लंबी डंडियों और रेशों में फंस गया। जिससे बाहर नहीं निकल पाया और पानी में डूबने उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें जब बाहर निकाला गया। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर खल्लारी पुलिस मौके पर पहुंच, पंचनामा कर पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया है। इस पूरे घटनाक्रम की विवेचना खल्लारी पुलिस द्वारा की जा रही है।

### 525 लीटर महुआ शराब तथा 3050 किग्रा महुआ लाहन बरामद

**महासमुंद।** अवैध रूप से आसवित कच्ची शराब के सेवन से संभावित जनहानि को रोकने तथा राजस्व सुरक्षा के मद्देनजर अवैध शराब पर संयुक्त कार्रवाई की गई। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश के बाद 28 सितंबर को संभागीय उड़नदस्ता रायपुर संभाग रायपुर, आबकारी वृत्त सरायपाली तथा बसना एवं राजस्व विभाग सरायपाली की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम परसापाली स्थित ननकीमुड़ा तथा लुंगड़ीमुड़ा तालाब किनारे छोटा जंगल में दबिश देते हुए तलाशी कार्रवाई की गी, जिसमें अलग-अलग जगह में मदिरा निर्माण करते हुए छह चढ़ी भट्ठी से एवं प्लास्टिक ड्रम तथा बोरियो के अंदर पॉलीथिन में भरी हुई 455 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा एवं 61 प्लास्टिक बोरियो के अंदर भरी हुई 3050 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (1) ए, इ, एफ , एवं 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### 22 पौवा देशी तथा विदेशी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर हाइवे किनारे स्थित चीनी ढाबा गड़बेड़ा में दबिश देकर 22 पौवा देशी और विदेशी शराब कीमत 2780 रुपए को जब्त किया है। आरोपी मुकेश पांडे के विरुद्ध धारा 34(1)(ख) आब. एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर किया गया। कार्रवाई में आबकारी वृत्त पिथौरा के प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के नेतृत्व में की गई, जिसमें आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त सांकरा अनिल कुमार झारिया एवं स्टॉफ रहे।

# अब तक गिरफ्तारी नहीं, परिजनों के आरोपों को बता रहे निराधार

फालोअप हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आत्महत्या करने से पहले मृतक को चोटें किसने पहुंचाई? जिला मुख्यालय में मेडिकल कॉलेज होने के बाद भी पोस्टमार्टम रायपुर मेडिकल कॉलेज में क्यों कराया गया? इतनी चोटों के बाद मृतक ने आत्महत्या के लिए रस्सी कहां से लाई और अकेले कैसे इस तैयारी को अंजाम दे पाया? 16 मई 2024 को सुबह जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम बिंद्रावन खार में पेड़ से लटकी मिली मनोज तिवारी की लाश को आत्महत्या साबित करने की कोशिशें अब भी जारी हैं। इधर, एफआईआर में दर्ज आरोपियों में से अब तक किसी की गिरफ्तारी नही हो पाई है।

## मामला मनोज तिवारी की मौत का, आरोपी अब तक फरार

### इसलिए की थी मनोज ने आत्महत्या

मृतक का बिंद्रावन के गिरीश पाडे के ऊपर पैसा बकाया था जिसे गिरीश से वापस मांगने पर मानसिक तौर पर प्रताडित कर रहा था तथा मृतक ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित कसेकेरा में सेल्समेन ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित कसेकेरा प्रभारी हलधर यादव द्वारा भी पिछले वर्ष 2023 में मृतक से धान के शॉर्टेज के नाम पर 10.00 लाख रु. एवं वर्ष 2024 में 3.00 लाख रू. भरवाए तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा कोमाखान के मैनेजर नरेन्द्र ठाकुर द्वारा मृतक को कसेकेरा समिति का प्रभारी बना दूंगा बोलकर 12.00 लाख रू. ले लिएं और प्रभारी नहीं बनाया। नरेंद्र ठाकुर व हलधर यादव द्वारा मृतक को लगातार प्रताड़ित कर परेशान किया जा रहा था तथा कसेकेरा सोसायटी के सेल्समेन धूप सिंह के ऊपर भी मृतक का 4.00 लाख रु. बकाया है जिसे मृतक द्वारा धूप सिंह से मांगने पर प्रताड़ित करता था। कसेकेरा धान खरीदी केन्द्र में धान शॉर्टेज को पूरा करने के एवज में कोमाखान निवासी राइस मिलर अक्षत अग्रवाल के पास मृतक के पिता के नाम की भूमि को विक्रय करने का शपथ पत्र भी निष्पादित किया गया है। गवाह ललित साहू के कथन में भी मृतक को कसेकेरा सोसायटी का प्रभारी बनाए जाने की चर्चा होने की पुष्टि हुई है।


तीन आरोपियों की अग्रिम जमानत खारिज, चौथी की सुनवाई मंगलवार को
कोमाखान क्षेत्र के मनोज तिवारी मौत का मामला
कोमाखान थाना में तीन माह बाद दर्ज हुई एफआईआर, सभी संदेही फरार

### आरोपी ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

हरिभूमि से बातचीत के दौरान आरोपी नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि मनोज तिवारी और उनके परिजनों द्वारा लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं।

बता दें कि मर्ग इंटिमेशन में इतनी चोटों के बावजूद मेकाहारा के चिकित्सकों द्वारा आत्महत्या निरुपित किया जाना गंभीर मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है। अब तक मर्ग की संपूर्ण जांच में आरोपीगण हलचर यादव, नरेन्द ठाकुर, गिरीश पाडे, धूप सिंह व अन्य के द्वारा मृतक को प्रताड़ित किए जाने से आत्महत्या करना व प्रथम दृष्या अपराध धारा 306, 34 भादवि का घटित होना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### अग्रिम जमानत के लिए मिला आरोपियों को मिला पर्याप्त अवसर

उल्लेखनीय है कि 16 मई को घटना के प्रकाश में आने के बाद घटना में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर 29 अगस्त को दर्ज करते हुए इसे संवेदनशील मामला बताते हुए एफआईआर की कॉपी आमजनों के अलावा परिजनों तक से छिपाई गई। ऐसा इसलिए कि मामले में आरोपीगण हाईकोर्ट से अपने लिए अग्रिम जमानत का इंतजाम कर सकें। आमजनों की मानें तो शराब बेचने वालों से जब सरायपाली पुलिस महीना वसूल रही तो प्रताड़ना के मामले में आरोपियों पर पुलिस की ऐसी मेहरबानी यूं ही तो नहीं की गई होगी। मिलीभगत का परिणाम भी सामने आ चुका है। आरोपियों का उद्देश्य भी पूरा हुआ और कुछ आरोपियों को हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है। एफआईआर की कॉपी हरिभूमि के पास है।

उदासीनता: पीएम आवास की राशि हितग्राहियों के खाते में आते ही निकाल लिया ठेकेदारों ने

# प्रधानमंत्री आवास आज भी अधूरे ठेकेदार के हाथों ठगे जा रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

## राशि ठेकेदार को देने के बावजूद महीनों से प्रधानमंत्री आवास अधूरा

पीएम आवास योजना के तहत एक पक्का मकान का सपना देख रहा गरीब परिवार दलाल और ठेकेदारों के हाथों ठगे जा रहे हैं। पीएम आवास की राशि जैसे ही हितग्राहियों के बैंक खातों में जमा हो रहें, वैस ही प्रशासन में बैठे हुए कर्मचारियों से सांठगांठ कर दलाल एवं ठेकेदार मिलकर राशि का आहरण कर ले रहें।

जिले में ऐसे सैकड़ों हितग्राही हैं, जिन्होंने आवास की राशि ठेकेदार को देने के बावजूद कई महीनों से आवास अधूरा पड़ा हुआ है। इधर, राशि मिलने के बाद भी आवास नहीं बनाए जाने पर हितग्राहियों को नोटिस थमाया जा रहा। जैसे तैसे आवास बनाया भी तो बनते ही कई जगह से टूट गया है या अधूरा आवास बनाकर ठेकेदार रफूचक्कर हो गया है। हैरानी की बात यह है कि पीएम आवास के जिम्मेदार अफसरों ने भी इस ओर कभी सुध नहीं ली। बता दें कि लाभार्थियों को पैसा मिलने के साथ ही आवास का निर्माण शुरू करना होता है। निर्माण के स्टेटस रिपोर्ट के आधार पर अगला इन्स्टालमेन्ट रिलीज किया जाता है। समय समय पर निर्माण रिपोर्ट के आधार पर किस्तों को ट्रांसफर किया जाता है। शहरी क्षेत्र में आवास बनाने के लिए पहली किस्त के रूप में 56 हजार रुपए भेजे जाते हैं। लिंटर तक निर्माण पूरा होने पर सत्यापन के बाद दूसरी किस्त के रूप में 80 हजार रुपए लाभार्थियों को मिलते हैं। आवास निर्माण पूरा होने पर सत्यापन व जियो टैगिंग के बाद प्लास्टर के लिए तीसरा 52 हजार और चौथा किस्त 38 हजार रुपए जारी किया जाता है। जारी करने से पहले ही ठेकेदारों पता चल जाता है।


वार्ड नंबर 13 फुलवारी पारा बागबाहरा के पवन साहू ने बताया कि पहली किस्त की राशि 56 हजार रुपए को देने के बाद ठेकेदार द्वारा डीपीसी तक कार्य भी पूरा नहीं किया है। उनका आवास आज तक अधूरा है, ठेकेदार दुबारा लौट कर नहीं आया।


वार्ड नंबर 10 डबरापारा बागबाहरा के हरकेश महानंद का कहना है कि पीएम आवास को छज्जा लेबल तक बनाकर ठेकेदार एक साल से दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि, अब तक दो किस्त की राशि एक लाख 36 हजार रुपए भी वह ले गया है।


बागबाहरा वार्ड नंबर 10 नवागांव निवासी शक्ति सिंह ने बताया कि पीएम आवास की स्वीकृति मिलते ही उनके खाते में पहली किस्त के रूप में 56 हजार रुपए आया। नींव तक काम करने के बाद ठेकेदार आगे का कार्य बंद कर दिया है, जिसके कारण एक वर्ष से उसका आवास अधूरा है।


नवागांव बागबाहरा निवासी मनीष ठाकुर का कहना है कि उनके खातें में आएं पहली किस्त 56 हजार रुपए से ठेकेदार ने छज्जा लेबल तक काम किया। लेकिन, दूसरी किस्त 80 हजार रुपए लेने के बाद बीते 4 माह से गायब है। फोन से भी संपर्क नहीं हो पाता।

### बारिश के कारण कार्य रूका हुआ

बागबाहरा नगरपालिका अंतर्गत नवागांव के 3, डबरा पारा 4, फुलवारी पारा 2, पोटरपारा 6, तेंदुलोथा एवं शांतिनगर 1-1, लालपुर 2 में करीब 16-17 पीएम आवास का ठेकेदार पीताम्बर चक्रधारी बिल्हा निवासी का कहना है कि बारिश के कारण आवास का निर्माण प्रभावित हुआ है। वहीं, उसकी बेटी की तबियत ठीक नहीं होने के कारण वह एक माह से अस्पताल में है। बुधवार को अस्पताल से छुट्टी मिलते ही वह बागबाहरा जाकर आगे का कार्य शुरू कराएगा।

# वंदे भारत एक्सप्रेस में दूसरी बार पथराव, खरियार रोड के आउटर इलाके में सामने आई यह घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



विशाखापट्नम से दुर्ग वंदे भारत ट्रेन में एक बार फिर पथराव हुआ है। 16 दिन पहले ट्रायल के दिन भी बागबाहरा स्टेशन के आउटर में पथराव हुआ था। अब शनिवार रात को विशाखापट्टनम से वापसी के दौरान खरियार रोड में दूसरी बार पथराव किया गया। यह पथराव ट्रेन के कोच नंबर 34-35 की खिड़की पर हुआ। उस समय रात के करीब साढ़े नौ बज रहे थे और ट्रेन खरियार रोड स्टेशन के आउटर में आई थी, तभी अज्ञात ने ताबड़तोड़ पथराव किया, जिससे दो बोगी के खिड़की का कांच टूट गया है।

इलाके में अंधेरा होने और रनिंग पोजीशन में होने से इन्हें देखा नहीं जा सका। गुंडा तत्वों ने स्टेशन यार्ड के बाहर का इलाका चुना। ताकि, पहचाना ना जा सके। इसमें इकॉनामिक कोच ई-2 की सीट नंबर 34-35 की खिड़की टूट गई। ईकॉनामिक कोच की सीटे घुमावदार (रिवाल्विंग) होती है। बता दें कि ईस्ट कोस्ट रेल मंडल के इस सेक्शन में यह दूसरी बार पथराव किया गया। इससे पहले ट्रेन के ट्रायल रन के दौरान 13 सितंबर को पथराव किया गया था। इस मामले में बागबाहरा के चार युवकों को गिरफ्तार किया गया था, जो जमानत पर रिहा हो गए हैं। कांटाबाजी रेलवे पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 153 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

## मवेशी तस्करों से 3 भैंस, 8 गौवंश छुड़ाए गए

**महासमुंद।** मवेशियों की तस्करी कर रहने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से 3 भैंस और 8 गौवंश को छुड़ाया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी धनेंद्र चंद्राकर पिता जवाहर चंद्राकर 28 सितंबर रात 10.30 बजे अपने मित्रों के साथ अन्नम रेस्टोरेंट कोसरंगी की ओर घूमने गया था। रात 12.10 बजे वापस आ रहे थे, उसी दौरान देखा कि महासमुंद की ओर से एक पिकअप वाहन क्र0 सीजी 06 जीएक्स 5572 में तिरपाल से ढंका हुआ तेज गति से जा रहा था, वाहन को गौ तस्करी होने के संदेह पर रुकवाया गया। वाहन रोकते ही वाहन में चालक एवं सवार भाग निकले और इसके बाद जब ट्राली को देखे 08 नग गौवंश गाय व बछड़ों को क्रूरता पूर्वक लदा हुआ था। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि 2004 एवं 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि इसी स्थान पर एक दूसरे वाहन से 3 भैंस को जब्त किया गया। इसे लेकर रिपोर्ट हिरेंद्र सोनी पिता शंकरलाल सोनी ने दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि पिकअप सीजी 04 एनजे 2478 से 3 नग भैंस को बरामद किया गया। पूछताछ में ड्रायवर सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम चम्पे पाराभोई पिता ईश्वर पाराभोई निवासी गंगरपडा थाना बोबामुंडा जिला बलांगीर ओडिशा हाल मुकाम मंदिर हसौद जिंदल थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर एवं ड्रायवर के सीट के बाजू में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम तुलसी राम नाग पिता मुरली नाग निवासी देसील थाना मोरीबहाल जिला बलांगीर ओडिशा का होना बताया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि 2004 एवं 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

बिहाझर स्कूल से छात्र का अपहरण होने से मचा हड़कंप

# स्कूल से छात्र का अपहरण, तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बागबाहरा थाना क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला बिहाझर से 8 वर्षीय छात्र पुष्पेन्द्र ठाकुर के लापता हो जाने से हडकंप मच गया है। छात्र के परिजनों ने बागबाहरा थाना में जाकर सूचना दी। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर छात्र की पतासाजी में जुटी हुई है। इधर, स्कूल प्रबंधन द्वारा एक महिला के छात्र से मिलने तथा प्रत्यक्षदर्शी द्वारा उस महिला की शिनाख्त छात्र के माता के रूप में किए जाने के बाद पुलिस दोनों की तलाश में रायपुर की गई है। लेकिन, अभी तक दोनों में किसी एक का भी पता नहीं चल पाया है।




बता दें कि पुष्पेन्द्र ठाकुर 8 वर्ष सरकारी प्राथमिक शाला बिहाझर में कक्षा दूसरी का छात्र है। जानकारी के मुताबिक बच्चे के मां- बाप मे विवाद चल रहा है और महिला अपने मायके पिथौरा क्षेत्र के नदी चरौदा में रहती है। हमेशा की तरह पुष्पेन्द्र स्कूल गया हुआ था। दोपहर को स्कूल में भोजन अवकाश के दौरान से बच्चा गायब हो गया। बच्चा गायब होने के बाद स्कूल प्रबंधन ने इसकी सूचना परिजनों को दी। छात्र के दादा बिहाझर निवासी सोनू ठाकुर ने बताया कि स्कूल के लोगों ने जानकारी दी कि बच्चा स्कूल में पढ़ रहा था । एक महिला आई और बच्चे को लेकर चली गई। उनके बताए अनुसार बागबाहरा थाना में मामला दर्ज किया गया है। वहीं स्कूल के प्रधान पाठक प्रदीप ठाकुर का कहना है कि बच्चे की मां मिलने के लिए आई थी। इसके पहले भी एक-दो बार आ चुकी है। हम लोग समझे की सामान्य मुलाकात करेगी। लेकिन, बच्चे की मां बिना बताए बच्चे को लेकर चली गई। उसके बाद इसकी सूचना बच्चे के परिजनों को दे दी।

**अपहरण का मामला दर्ज कर पतासाजी:** इस पूरे मामले मे एसडीओपी यूलैंडन यार्क का कहना है कि कल शाम को बच्चे के परिजन ने सूचना दी कि पुष्पेन्द्र ठाकुर उम्र 8 वर्ष जो कक्षा दूसरी का छात्र है,जो घर नहीं आया है और कोई महिला लेकर गई है। जांच मे प्रथम दृष्टिया परिवार के किसी महिला सदस्य द्वारा ले जाना पता चला है। लेकिन, ये कन्फर्म नहीं हो पाया है। इसलिए, अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही है।

### बस से गिरा परिचालक, हाथ कटा

**महासमुंद।** बसना से बिलाईगढ़ रोड पर ग्राम पथरला के पास बस से गिरने से परिचालक का हाथ चक्के में दब गया, जिससे उसका हाथ शरीर से कटकर अलग हो गया। मामले में बस चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक ब्रेक लगाने के आरोप में बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि महेंद्र कुमार संत पिता मिठाईलाल संत, (35 वर्ष) निवासी ग्राम सिवनी, मरवाही, जिला-गौरेला, पेण्ड्रा, मरवाही (छग) सिंग बस सर्विस बिलासपुर के बस सीजी 10 जी 5125 में बस परिचालक का कार्य करता था। 5 अगस्त को उक्त बस फैजाबाद से बसना जा रही थी। बस के बसना पहुंचने के 15 किलोमीटर पहले समय सुबह करीब 10:30 बजे चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ब्रेक लगा दिया, जिसके कारण बस में बैठा हुआ महेंद्र नीचे गिर गया, जिससे उसका बायां हाथ बस के अगले चक्के के नीचे आ गया, जिससे महेंद्र का बायां हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ 125(ए), 125(बी), 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

# दुर्घटना में मृतक एवं घायल को दें उचित मुआवजा, नहीं तो एक को आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ अन्य सुविधाएं नहीं दी जाती है, तो एक अक्टूबर को आंदोलन

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम खैरझिटी में स्थित करणी कृपा प्राईवेट लिमिटेड में क्षेत्र के युवा चंद रुपए के वेतन के लिए मौत के कुंए में काम कर रहें। इन्हें मजदूरी के रूप में प्रति माह 12 हजार से 33 हजार रुपए दिया जा रहा और क्षेत्र के युवाओं का जमकर शोषण किया जा रहा। जबकि, इन्हें प्रधानमंत्री द्वारा घोषित दर के हिसाब से रोजाना 868 से 1000 रुपए, मकान भत्ता, वाहन भत्ता सहित सप्ताह में एक दिन की छुट्टी दिया जाना है। यह बातें छग संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे ने प्रेसवार्ता में बताई है।

प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष श्री दुबे ने आगे बतया कि करणी कृपा प्लांट के अंदर वर्तमान में दो किसान पुत्र की दुर्घटना में मौत हो गई है। वहीं, भोरिंग का एक श्रमिक अधमरा है। जिन्हें अब तक न्याय नहीं मिला है। मुआवजा की पूरी राशि भी नहीं दी गई और आधा वेतन ही दिया जा रहा। जिस संबंध में श्रम विभाग और जिलाधीश महासमुंद को समय सीमा के भीतर प्लांट के खिलाफ कार्रवाई करने का समय दिया जा रहा। यदि, शासन द्वारा तय नियमों के तहत मृतक एवं घायल श्रमिक को उचित मुआवजा या अन्य सुविधाएं नहीं दी जाती है, तो एक अक्टूबर को आंदोलन किया जाएगा।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### कृष्णा की मनमोहक झांकी निकाली गई

**महासमुंद।** नगर के वार्ड नंबर 10 में स्व उदेराम साहू ( विद्युत विभाग सेवानिवृत्त) एवं स्व संतोष साहू की स्मृति में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 23 सितंबर से 30 सितंबर तक रखा गया है। जिसमें कौंदकेरा (राजिम) वाले महराज पं. भीम प्रसाद मिश्रा अपनी अमृत वाणी से कक्षावाचन कर रहे हैं। मुख्य श्रोता यजमान परिक्षित के रुप में डॉ. लोकेश्वर साहू एवं उनकी धर्मपत्नी धनेश्वरी साहू, नरेंद्र साहू एवं उनकी धर्मपत्नी चंद्रिका साहू गीता ज्ञान का रसपान कर रहे हैं। वहीं 01 सितंबर दिन मंगलवार को गीता पाठ के साथ शांति भोज (भंडारा) का आयोजन भी रखा गया है। पं. भीम प्रसाद मिश्रा ने मुख से कथा के पांचवें दिन कृष्ण बाल लीला एवं कृष्ण रूखमणि विवाह, रासलीला का रसपान श्रोताओं को कराया गया। सभी भक्तजन बाल लीला एवं कृष्ण विवाह का आनंद लिया। रास लीला में सभी झूम उठे। कृष्ण एवं रूखमणी के मनमोहक रूप ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कौशिल्या साहू, जयंती साहू-हरकू साहू, राम्हीन -केदार साहू, हीरा साहू, भारती- दीपक साहू आदि मौजूद रहे।

### मन की बात कार्यक्रम के श्रोता ही असली सूत्रधार

**सरायपाली।** प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देशानुसार भाजपा के समस्त पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण आम जनता के साथ क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों पर एवं शक्ति केंद्र स्तर पर मन की बात कार्यक्रम विशेष रूप से सुना गया। कार्यक्रम सुनने के पश्चात सदस्यता अभियान महापर्व के अतर्गत कार्यक्रम स्थल पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष महासमुंद एवं मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक राजेंद्र विपिन उपोबेजा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के दौरान देशवासियों को संबोधित किया। 114वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि हमारी यात्रा को 10 साल हो चुके हैं। यह कार्यक्रम विजयादशमी के दिन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं। 'मन की बात' के 10 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ॠहमारे समाज में सामूहिकता की भावना के साथ जो भी काम हो रहा हो, उन्हें मन की बात के द्वारा सम्मान मिलता है।

### निधन

#### श्रीमती नीता राजपूत

**महासमुंद।** शहर के पुराना मलेरिया ऑफिस के पास वार्ड 29 निवासी श्रीमती नीता राजपूत (42 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर मार्ग स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह विजय राजपूत की धर्मपत्नी, मयंक कृष्णा राजपूत की मां तथा अभिषेक राजपूत की बहन थीं। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिवार एवं समाज जन शामिल हुए।



**आयोजन:** पीजी कॉलेज की रासेयो इकाई का उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ

# राष्ट्रीय सेवा योजना है व्यक्तित्व विकास की पाठशाला : मालती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन एवं डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के नियमित गतिविधियों के अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई व प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र मंचस्थ रहे।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा रासेयो लक्ष्यगीत का गायन किया। मंचस्थ अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में राजेश्वरी सोनी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई क्या होती, हम इसमें क्या कार्य करते है इस पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं लक्ष्य के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत कराया गया। मुख्य वक्ता डॉ. मालती तिवारी द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि अभाव में जीना ही एनएसएस सिखाता है। उन्होंने अपने निरंतर 30 वर्षों का एनएसएस के सफर के अनुभव को स्वयंसेवकों के साथ साझा करते हुए कहा कि एनएसएस में आप यदि दिल से जुड़ते है तो हर एक स्वयंसेवक में नेतृत्व करने की क्षमता के गुण का विकास हो जाता है। क्योंकि, एनएसएस आपको अपने अंदर छिपी प्रतिभा को प्रदर्शन करने का मंच प्रदान करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना एक



व्यक्तित्व विकास की पाठशाला है। जिसमें स्वयंसेवक अपने बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक क्षमता का विकास करता है और राष्ट्र सेवा की भावना से निस्वार्थ कार्य करता है। अजय कुमार राजा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना में होने वाले विभिन्न गतिविधियों को बारीकी से बताया गया, विभिन्न प्रकार के जन जागरूकता अभियान जैसे नशामुक्ति, स्वच्छता, पोषण माह, मतदाता जागरूकता, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन इत्यादि के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय वाक्य मैं नहीं तुम से अवगत कराते हुए उन्होंने अपने स्वयंसेवक से कार्यक्रम अधिकारी बनने तक के सफर का अनुभव स्वयसेवकों के साथ साझा किया। स्वयंसेवक एनएसएस से जुड़कर समाज सेवा के माध्यम से अपनें व्यक्तित्व का विकास करता है। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना में मिलने वाले ए, बी एवं सी प्रमाण पत्र की जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित स्वयंसेवकों के साथ साथ वरिष्ठ स्वयंसेवक जो अभी तक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से जुड़े हुए है उनकी भी उपस्थिति रही। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक दुर्गेश पटेल, वर्षा सिन्हा, ठलेश साहू, याज्ञ यादव, वंदना सेन, मेघराज साहू, कुलेश्वर साहू, मोनिका पटेल, ईश्वरी ध्रुव, रोहित ढीमर, रोशन ध्रुव, वीरेंद्र साहू, रोशनी राजपूत, मनोज देवांगन, खुशबू कन्नौजे, दिनेश, लोकेश सेन, भूपेश, शीतल, सहित लगभग 120 स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी स्वयंसेवकों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र द्वारा किया गया। मंच संचालन दल नायक गोपी सिन्हा ने किया।

## बलौदाबाजार पहुंच न्याय यात्रा में शामिल हुईं नपाध्यक्ष राशि

### बैज ने कहा भाजपा सरकार में छग की जनता असुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के बढ़ते अपराध और जनता के स्वाभिमान को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज द्वारा दो दिन पूर्व शुरू हुई न्याय यात्रा में रविवार को महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग शामिल हुई। इस दौरान श्रीमती राशि महिलांग ने प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेंट कर कांग्रेस गमछा पहनकर उनका स्वागत किया। यात्रा में प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम के साथ श्रीमती महिलांग बलौदाबाजार जिले के रोहांसी से ग्राम लटेरा तक न्याय यात्रा में पदयात्रा की।

यात्रा के नेतृत्व कर्ता दीपक बैज ने कहा कि छग में भाजपा की सरकार आने के बाद से अपराध दिन बदिन बढ़ता जा रहा है। इस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की जनता सुरक्षित नहीं है और इसकी चिंता सरकार को भी नहीं है। इसलिए कांग्रेस ने प्रदेश की जनता के स्वाभिमान और न्याय दिलाने की न्याय यात्रा करने का निर्णय लिया गया और शुक्रवार को यात्रा की शुरुआत की गई। श्रीमती महिलांग ने भी कहा कि कांग्रेस की यह न्याय यात्रा लोगों को न्याय दिलाने और उनके स्वाभिमान को बचाने के लिए शुरु की गई है। श्रीमती महिलांग के साथ यात्रा में लता कैलाश चंद्राकर, अरिश अनवर, नीरज परोहा, माया पांडेय, श्वेता गुप्ता, ईशा टंडन, सगनजोत सिंग, लक्ष्मी सोनी, उदय सिन्हा, यशोदा ध्रुव, सोहेल खान, सोनम रामटेके, विवेक चंद्राकर शामिल हुए।

## प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम में शामिल सरला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

भाजपा मंडल भंवरपुर के बूथ क्रमांक 52 उड़ेला के आश्रित ग्राम मुड़ीडीह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 114वां संस्करण सुना गया। इसमें भाजपा नेत्री सरला कोसरिया व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हिंदी मास पर सरस्वती शिशु मंदिर में आस्था की काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हिंदी मास के अवसर पर सरस्वती शिक्षा संस्थान भलेसर रोड में आस्था साहित्य समिति को आमंत्रित कर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से आस्था साहित्य समिति अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक, एस. चंद्रसेन, डॉ. साधना कसार, शिक्षाविद केआर चंद्राकर, टेकराम सेन चमक, सरिता तिवारी, सुजाता विश्वनाथन, सुरेंद्र अग्निहोत्रि उपस्थित थे। सर्वप्रथम संस्थान के आचार्य बलराम सेन एवं विद्यालयीन छात्र–छात्राओं द्वारा सुमधुर आवाज में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ हिंदी गीत जय, जय, जय पावन वसुंधरा, जय जय भाषा कल्याणी, सुजाता विश्वनाथन द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि चलो धरा से नील गगन तक राष्ट्र का यश फैलाएं। हिंदी की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए साहित्यकार एस चंद्रसेन ने कहा कि जो जयगान को यशगान करे वही हिंदी हमारी भाषा है। साहित्यकार डॉ. साधना कसार द्वारा पंक्तियां समर्पित करते हुए कहा गया कि क्या हुआ अन्न के दाने गिरे चींटी का पेट तो पल गया, क्या हुआ मुसीबत आई बड़ा हादसा तो टल गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का अपने अनूठे अंदाज में संचालन करते हुए साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने बाल कविताओ से कार्यक्रम को नई ऊंचाईयां दी गई।



उन्होने कहा कि भारत का स्वर्णिम गौरव सरस्वती शिक्षण संस्थान लाएगा तक्षशिला नालंदा फिर से यहाँ लौटकर आएगा। साहित्यकार सरिता तिवारी ने माँ पर कविता सुनाकर सबको भाव विभोर कर दिया। मां तो मां होती है ना कोई शिकवा न कोई शिकायत। गीतकार कवि सुरेंद्र अग्निहोत्री आगी ने कहा कि 'आइए जाँ लुटा दे वतन के लिए, खून से सींचे धरती अमन के लिए। आदर्श शिक्षण समिति की उपाध्यक्ष व पूर्व प्राचार्य संध्या शर्मा द्वारा स्वदेशी पर कविता सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध किया गया।' स्वदेशी ही आधार साथियो, स्वदेशी की जयकार। आस्था साहित्य समिति द्वारा कौशल ज्ञान स्पर्धा का आयोजन कर विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें सोनम देवांगन, पूजा साहू, शुभम महानंद, रुद्रसेन, सेजल जोशी, ज्योति पांडेय, ययांश साहू व योगिता ध्रुव ने पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्राचार्य राजश्री ठाकुर, संध्या शर्मा, कृष्णा चंद्राकर, शिव कन्नौजे, मनोज साहू, दुर्गेशनंदिनी, अनुराधा, मल्लिका, तनुजा साहू, अर्चना, साक्षी, कुंजलाल पटेल, तुलसी, दिलीप, अजय, अश्वनी सहित पूरे स्टॉफ का योगदान रहा। आभार प्रदर्शन प्राचार्य राजश्री ठाकुर ने किया।

## कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल हुए खल्लारी विधायक

**बागबाहरा।** कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बीजेपी सरकार के कुशासन के खिलाफ 27 सितंबर गिरौदपुरी से 'छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा' शुरू की है। आज तीसरे दिन यात्रा में साथियों के साथ खल्लारी विधायक व्दारिकाधीश यादव भी सम्मिलित हुए। पलारी ओडगन तीसरे दिन की शुरुआत यात्रा में प्रदेशाध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं एंव कांग्रेस के छोटे बडे कार्यकर्ता तथा क्षेत्रीय नागरिक शामिल हो रहे है। रविवार के इस यात्रा में खल्लारी विधायक श्री यादव अपने समर्थकों के साथ चले इस यात्रा के बाद विधायक यादव हरियाणा में चुनाव प्रचार करने के लिए रवाना होंगे। यात्रा के दौरान पीसीसी अध्यक्ष बैज एंव कांग्रेस के नेता ग्रामीणों से भी मुलाकात कर रहे हैं। इस दौरान ग्रामीण गांवों में बढ़ती नशाखोरी, बढ़ते अपराध और बढ़ती महंगाई को लेकर नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। इस यात्रा में प्रदेश भर के सैकड़ों कांग्रेसी भी चल रहे हैं।



## आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह के अंतर्गत हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

पोषण माह के अतर्गत पढ़ाई की थीम पर पटपरपाली सेक्टर के पर्यवेक्षक भावना गुप्ता के नेतृत्व में परिपोषक पालकत्व में आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह पर पढ़ाई का नया रूप देने के लिए 24 से 30 सितंबर तक कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

कार्यशाला में बच्चों के सीखने के परिवेश को जीवंत कैसे बनाए और किस तरह हर आंगनबाड़ी केंद्र में कबाड़ से जुगाड़ कर खेल खेल में बच्चों के शारीरिक मानसिक सामाजिक, बोली भाषा और भावनात्मक विकास पर पर्यवेक्षक ने सीखने की जगह और भोजन के समय और मुक्त खेल के महत्व को विस्तार पूर्वक कार्यकर्ताओं को समझाया गया।



इससे बच्चों के सबसे संवेदनशील उम्र के पड़ाव 0 से 6 वर्ष में सर्वांगीण विकास किया जा सके। कार्यकर्ताओं को हर आंगनबाड़ी केंद्र में मेरा पिटारा बनाकर रखने को कहा गया, जिससे हर हफ्ते में बच्चे कुछ नया सीखा सके। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने केंद्र में विशेष रूप से सिखाए जाने वाली सामग्रियों का डेमो जैसे मिट्टी से बने खिलौने, कपड़े की गुड्डा, गुड़िया, माचिस के डिब्बे की रेल गाड़ी, हाथ के पंजे की आकृति से बने पेड़, रुई की बिल्ली, खरगोश, बतख, पेपर का घर, कछुआ, मछली का आकार, फल, सब्जी, मोर जन्मदिन का चार्ट, पंपलेट, चित्र कार्ड आदि से बच्चों को पहचान कर जानना सिखाया। पोषण अभियान की लक्ष्यों को पूरा करने में महिला बाल विकास की टीम को सक्रिय और मजबूत बनाने की प्रयास किया गया। इस दौरान कार्यकर्ता मीना साहू, गमला यादव, चम्पी साहू, उषा सिन्हा, तोकेश्वरी साहू, रूखमणी पटेल आदि मौजूद रहे।

**विधायक सहित भाजपा नेताओं ने सुनी पीएम की 'मन की बात'**

# मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को हुए 10 साल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 114वें एपिसोड का प्रसारण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित भाजपा नेताओं ने विधायक कार्यालय में देखा। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि संयोगवश आज उनका जन्मदिन है और आज ही प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण हो रहा है।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 10 साल पूरे होने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आज का यह एपिसोड मुझे भावुक करने वाला है, मुझे बहुत सी पुरानी यादों से घेर रहा है। कारण ये है कि 'मन की बात' की हमारी इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं। 10 साल पहले 'मन की बात' का प्रारंभ 3 अक्टूबर



को विजयादशमी के दिन हुआ था। वहीं इस साल 3 अक्टूबर को जब 'मन की बात' के 10 वर्ष पूरे होंगे, तब नवरात्रि का पहला दिन होगा। साथ ही कहा मन की बात के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं। दूरदर्शन, प्रसार भारती, ऑल इंडिया रेडियो, विभिन्न टीवी चैनल्स, रीजनल टीवी चैनल्स की सराहना की। आगे कहा 2 अक्टूबर को 'स्वच्छ भारत मिशन' के 10 साल पूरे हो रहे हैं। यह अवसर उन लोगों के अभिनंदन का है, जिन्होंने इसे भारतीय इतिहास का इतना बड़ा जन-आंदोलन बना दिया। साथ ही कहा कि त्योहारों के इस मौसम में आप फिर से अपना पुराना संकल्प भी जरूर दोहराइए। कुछ भी खरीदेंगे, वो 'मेड इन इंडिया' ही होना चाहिए। कुछ भी उपहार देंगे, वो भी 'मेड इन इंडिया' ही होना चाहिए। इसके उन्होंने झांसी की महिलाएं जिन्होंने जल सहेली बनकर घुरारी नदी को नया जीवन दिया है उनके संबंध में चर्चा की। वहीं मध्य प्रदेश के दो बड़े ही प्रेरणादायी प्रयासों की भी जानकारी दी। डिंडौरी के रायपुरा गांव में एक बड़े तालाब के निर्माण से भू-जल स्तर काफी बढ़ गया है। वहीं छतरपुर में भी महिलाओं का प्रयास बहुत सराहनीय है। यहां के खोंप गांव का बड़ा तालाब जब सूखने लगा तो महिलाओं ने इसे पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सीमावर्ती गांव झाला के युवाओं के बारे में भी जानकारी दी।

**यह रहे मौजूदः** इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, सतपाल सिंह पाली, प्रकाश शर्मा, झनक लाल साहू, मनीष शर्मा, मीना वर्मा सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## गांड़ा समाज ने धूमधाम से मनाया नुवाखाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज द्वारा में धूमधाम से नुवाखाई मिलन समारोह मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद शामिल हुईं। गांड़ा समाज द्वारा रैली के रूप में नगर का भ्रमण किया गया। रैली में जय स्तंभ चौक में विधायक चातुरी नंद के पहुंचने पर बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि समाज की एकजुटता का ही पहचान है कि आज एक मजदूर की बेटी सरायपाली की विधायक है। समाज आज संगठित होकर आगे बढ़ रहा है जिसमें हर वर्ग का बड़ा योगदान है।

कार्यक्रम को पूर्व विधायक रामलाल चौहान, अजा आयोग के पूर्व सदस्य पुनीत राम चौहान समेत अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बच्चों की आकर्षक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ नागरिकों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृष्णा चौहान प्रेमलाल चौहान उदय लाल चौहान, चंपत लाल चौहान, पुष्पलता चौहान, राखी चौहान, जगदीश चौहान, केंवरा चौहान लक्ष्मी चौहान कैलाशो चौहान बिशिकेशन बाघ राघुलाल बाघ रामलाल चौहान गौतम चौहान, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान, कृष्णा चौहान, सुबोध गर्डिया, मनराखन सोनवानी, उसत लाल चौहान, सुखीराम चौहान, ओमप्रकाश चौहान, विशिकेशन बाघ, रघु बाघ, प्रमोद सागर, प्रेम चौहान, कुशल सिंह चौहान, आनंद राम चौहान, फगुराम चौहान, दयाराम चौहान, बिरंची बेताल, सुरेश नाग सुंदर चौहान चमरा दीप घुराऊ चौहान, ईश्वर चौहान, हेमचंद हंसा, कैलाश तांडी, समेत गांडा समाज के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक हजारों की संख्या में उपस्थित थे। मंच संचालन देव प्रसाद चौहान और आभार प्रदर्शन जगदीश चौहान ने किया।

## खबर संक्षेप

### साहित्यकार सम्मान व काव्य गोष्ठी आज

**महासमुंद।** हिंदी माह के समापन दिवस पर 30 सितंबर को स्थानीय वृंदावन विद्यालय में दोपहर 2 बजे विद्यालय प्रबंधन एवं सनातन शिक्षा समिति द्वारा साहित्यकार सम्मान व काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि राशि त्रिभुवन महिलांग होंगी। अध्यक्षता आनंद तिवारी पौराणिक व विशेष अतिथि के रूप में प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित होंगी। जानकारी देते हुए संस्थान के संचालक एमआर विश्वनाथन व सुजाता विश्वनाथन ने बताया कि अतिथि उद्बोधन व स्वागत काव्य पाठ पश्चात आनंद तिवारी को श्रेष्ठ व्याख्यान व काव्य सम्मान, काव्य कृति बरखा बसंत रचना सम्मान एस चंद्रसेन, साहित्य सेवा डॉ. साधना कसार, सरिता तिवारी, हास्य व्यंग्य काव्य सम्मान सुरेंद्र अग्निहोत्री, उत्कृष्ट सहयोग सम्मान केआर चंद्राकर, उत्कृष्ट मंच संचालन मीडिया प्रचार प्रसार सम्मान टेकराम सेन को प्रदान किया जाएगा। एमआर विश्वनाथन व सुजाता विश्वनाथन ने अपील की है कि कार्यक्रम में अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति प्रदान करें।

### सुअर पालक शहर से हटाएं अपने मवेशी, नहीं तो होगी कार्रवाई : राशि

**महासमुंद।** एक वर्ष पूर्व सूअर मुक्त हुए शहर में अचानक सुअरों की आमद की लगातार मिल रही शिकायतों को नपाध्यक्ष राशि



त्रिभुवन महिलांग ने गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को पालिका अफसरों के साथ शहर के सूअर पालकों की बैठक लेकर उन्हे दो टूक शब्दों में कहा कि वे अपने मवेशियों को शहर के भीतर से हटाकर अन्यत्र स्थान पर रखें नहीं तो पालिका द्वारा पूर्व की भांति धरपकड़ की कार्रवाई की जाएगी और पालकों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वार्ड पार्षदों और नागरिकों द्वारा लगातार मिल रही शिकायत के बाद महिलांग ने इसके निराकरण के लिए पालिका अफसरों और सूअर पालकों की बैठक आहूत कर शहर को फिर से सूअर मुक्त करने के निर्देश जारी करने के साथ ही पालकों को चेतावनी दी है।

# हड़ताल कर रहे डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने कहा- हमारी मांगें पूरी कर नियमित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी ऑपरेटर संघ अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर 18 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। संघ से जुड़े सभी ऑपरेटर कम बंद कर रायपुर में प्रदर्शन कर रहे हैं। हड़ताल के कारण सोसाइटियों के साथ धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन का काम प्रभावित हो रहा है। मांगों को लेकर पहले ऑपरेटर ने 29 से 31 जुलाई तक तीन दिवसीय हड़ताल की थी। सरकार ने मांगों को पूरा करने के लिए ध्यान नहीं दिया इसके बाद संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया।ऑपरेटर संघ की प्रमुख दो मांगें जिसमें पहली मांग ऑपरेटर कई वर्षों से कार्यरत हैं जिनका नियमितीकरण नहीं किया गया, उनका नियमितीकरण किया जाए व शासकीय कर्मचारियों की तरह सभी लाभ दिया जाए। दूसरी मांग लंबित वेतन बढ़ोत्तरी का लाभ शीघ्र दिया जाए। ऑपरेटरों के हड़ताल में चले जाने से समिति के काम प्रभावित हो रहे है व समिति से जुड़े किसानों को वितरित की जाने वाली खाद फसल बीमा योजना, ऋण वितरण नगद ऋण वितरण, ऑनलाइन एंट्री सहित विभिन्न कार्यों में विराम लगा चुका



है। बागबाहरा आपरेटर संघ के हेमन कुमार साहू ने बताया कि ऑपरेटर संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल 18 सितंबर से शुरू है। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल में प्रमुख रूप से भेखम साहू, दुर्गाप्रसाद होता, ओमप्रकाश साहू, खोमन पटेल, युवराज साहू, कामता प्रसाद चंद्राकर, लंबोदर भोई, कुसुम साहू सहित बागबाहरा शाखा के ऑपरेटर शामिल है।

**ऑपरेटर संघ की मांगों को पूरी करे सरकार:** इधर, सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने आपरेटर संघ के मांगों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि मांगे जीवन यापन से जुड़ी है। सरकार जल्द पूरी करें जिससे वे अपने काम में शीघ्र वापस होकर किसानों से जुडी मूलभूत कार्यों को करें।

## समस्या: तनाछेदक, ब्लास्ट जैसी बीमारियां तेजी से फैल रही

# खेतों में धान फसल पर माहो का हमला, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

धान की फसल पर माहो के हमले से किसान खासे परेशान हैं। धान की फसल पर जहां तनाछेदक, ब्लास्ट, शीथ ब्लास्ट, ब्लाइट्स जैसी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। अच्छी बारिश के चलते अच्छी फसल की उम्मीद के साथ किसानों ने खूब मेहनत की है और फसल भी खूब लहलहा रही है। मगर, जिस तरह से धान की फसल में तरह-तरह की बीमारियां लग रही हैं उससे किसान काफी चिंतित हैं। किसानों को इन बीमारियों के रोकथाम के लिए तरह-तरह के दवाओं का छिड़काव करना पड़ रहा है। रोहिना के किसान रूपानंद साहू, वीरेंद्र सेठ ने बताया कि धान की फसल में बालियां आने लगी हैं, ऐसे समय में ब्लास्ट, तनाछेदक, माहो का प्रकोप बढ़ गया है।

पिछले दिनों बदली और बारिश की वजह से कीटनाशक दवा का



छिड़काव करने का समय नहीं मिल पाया। किसानों ने यह भी बताया कि जिन खेतों में धान के पौधे सघन हैं एवं पानी भरा हुआ है, वहां शीथ ब्लास्ट (चरपा रोग) की शिकायत ज्यादा है। इस बीमारी का रोकथाम समय पर नहीं होने से वहां माहो पनप रहे हैं। कई खेतों में माहो का हमला भी शुरू हो चुका है। माहो एक ऐसी बीमारी है। जिसके चलते पूरी धान की खड़ी फसल चौपट हो जाती है। किसानों के हाथ सिर्फ पैरा ही आता है। इन दिनों छोटे किस्म के धान की फसल में बालियां आने लगी हैं।

ऐसे खेतों में तना छेदक और रस चुषक कीड़े फसल को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। तनाछेदक कीट बाली पकने से पहले ही उसे पैरा में तब्दील कर रहे हैं। इससे उत्पादन प्रभावित होना स्वाभाविक है। लहलहाती धान की फसल पर माहो की बुरी नजर लग चुकी है। किसानों के दुश्मन बने भूरा माहो के हमलों से किसान परेशान हैं। खेतों की हरियाली देखते ही देखते गायब हो जा रही है। बताया जाता कि माहो बड़ी तेजी से फैलने वाले कीट हैं। समय रहते दवा का छिड़काव नहीं किया तो पूरी फसल बर्बाद होने में देर नहीं लगती।

### दवा छिड़काव में परेशानी

धान फसल को बीमारियों से बचाने के लिये महंगे दवा का छिड़काव कर रहे हैं। जिससे उत्पादन लागत बढ़ रहा है। दवा का छिड़काव के लिए मजदूर नहीं मिलने से समय पर दवा का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं।

पिछले दिनों हुई बारिश की वजह से भी दवा का छिड़काव नहीं कर पाए। इस समय किसानों के सामने माहो से फसल को बचाना सबसे बड़ी चुनौती है।

# कस्तूरबहाल से बांजीबहाल प्रधानमंत्री सड़क योजना की मांग को लेकर प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**सरायपाली।** विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रभारी मंत्री को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत मल्दामाल के आश्रित ग्राम कस्तूराबहाल में बांजीबहाल से कस्तूराबहाल बाजार पारा तक सड़क नहीं है, जिससे ग्रामीणों को कीचड़ और गड्ढों से भरे मार्ग में आना-जाना पड़ता है। स्कूली बच्चे लगभग 4 किलोमीटर पैदल जाते हैं, जिससे कीचड़ हो जाने पर उन्हें आने-जाने में परेशानी होती है और उन्हें छुट्टी लेनी पड़ती है। वहीं गांव के किसी भी व्यक्ति या परिवारजनों का स्वास्थ्य खराब होने पर एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाता। मरीज को खाट में उठाकर एक-दो किलोमीटर तक लेकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने आगे लिखा है कि ग्राम की जनसंख्या लगभग 1000 है एवं यहां साप्ताहिक हाट बाजार भी लगता है। पूर्व में ग्रामवासियों द्वारा कलेक्टर को भी आवेदन दिया जा चुका है। परंतु, अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



अतः उनके द्वारा प्रभारी मंत्री से अति शीघ्र इस पर संज्ञान लेते हुए सड़क निर्माण हेतु आदेशित करने की मांग की गई है। इस अवसर पर भाजपा नेता दीपक माखीजा, अदीप कुमार, गोपीनंद कुम्हार, घनश्याम विशाल, जयराम विभार, सरोज विशाल, बालेश्वर भोई, यशवंत साहू एवं विजय बाघ आदि उपस्थित रहे।

### युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** माय भारत स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत ग्राम मामा भांचा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अर्पित कुमार तिवारी के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। जिसमें ग्राम-मामाभाचा के माय भारत युवा वॉलिंटियर्स द्वारा प्रसिद्ध मंदिर के आसपास की सफाई की तथा ग्राम के गली मोहल्लों और चौक-चौराहों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों में जागरूकता लाना है तथा प्लास्टिक कचरे का उचित जगह निपटारा करना है।

# वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन



**बागबाहरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी और बागबाहरा से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी दुर्ग के लिए रवाना, 29 सितंबर से 30 सितंबर तक आयोजित वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता जो दुर्ग पाटन में आयोजित प्रतियोगिता के लिए महासमुंद जिला के 8 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें हेमकुमारी पटेल, अंजू साहू, प्रियांशी निषाद, देवश्री पटेल, राधा पटेल, दारिनी पनुरिया, निहारिका साहू शामिल है। टीम के कोच आलोक द्विवेदी और टीम के मैनेजर शैलेष शुक्ला रहेंगे। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य कोयल सिंह सबर एवं मधु सिरमौर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कौशल वर्मा, जिला सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल, संकुल समन्वयक मनोज चंद्राकर एवं भूपेंद्र निराला, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत आदि ने हर्ष जताया है।

# संकुल केंद्र खोकसा में नवोदय प्रवेश परीक्षा कोचिंग सेंटर संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

संकुल केंद्र खोकसा में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर का उद्घाटन बसना बीईओ जेआर डहरिया, एबीईओ बद्री प्रसाद जोल्हे, विनोद कुमार शुक्ला, लकेश्वर सिंह कंवर एवं बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में संकुल प्रभारी पीएन ठाकुर, संकुल समन्वयक टीआर पटेल द्वारा किया गया। पटेल ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए दी जा रही कोचिंग का लाभ संकुल केंद्र के अंतर्गत कक्षा पांचवी में अध्ययनरत करीब 34 छात्र लाभ ले रहे हैं। कोचिंग सेंटर में संतलाल चौहान, मोहित बरिहा, सूरज पटेल आदि कोचिंग प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर प्रधान पाठक एन पी नायक व्याख्याता चंद्रकांत चौरसिया, संतलाल चौहान, एसएमडीसी अध्यक्ष बाबूलाल दीवान, सत्यनारायण साहू, के पटेल, रोहित भट्ट, चंद्रकात चौरसिया, लखन चंद्रवंशी, स्मार्ट टीचर मोहित बरिहा, नंद कुमार चौहान, बनखंडी सिदार आदि उपस्थित रहे।

# नवरात्र पर आयोजित गरबा नाइट्स कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता में शनिवार को पालिका कार्यालय स्थित उनके सभाकक्ष में गरबा नाइट्स आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में इस वर्ष नवरात्र पर्व पर हाईस्कूल मैदान में आयोजित गरबा नाइट्स कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

**पंचमी को चुनरी यात्रा:** आयोजन समिति द्वारा बैठक में तय किया गया है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचमी के दिन हाईस्कूल मैदान से 51 मीटर की चुनरी शोभायात्रा निकाली जाएगी और नगर की कुलदेवी मां महामाया को चढ़ाई जाएगी।

# राजयोग से ही मन की शांति संभवः भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

राजयोग द्वारा अपने कर्मेंद्रियों पर संयम कर कर्म में कुशलता से सकारात्मक चिंतन, सकारात्मक वृति और दृष्टिकोण की उपलब्धि होती हैं, जिससे हम व्यर्थ से बच सकते हैं। राजयोग के अभ्यास द्वारा तनाव मुक्त बन हम अनेक मानसिक और शारीरिक बीमारियों से स्वंय को बचा सकते हैं। मानसिक और शारीरिक बीमारियों से बचने का राजयोग एक कवच कुंडल हैं। उक्त उद्गार माउंट आबू राजस्थान से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से आए हुए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहीं। वे यहां स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवा केंद्र एक दिवसीय राजयोग साधना कार्यक्रम में



एकत्रित ईश्वर प्रेमी भाई बहनों को राजयोग का जीवन में महत्व विषय पर बोल रहे थे।

भगवान भाई ने राजयोग की विधि बताते हुए कहा कि स्वयं को आत्मा निश्चय कर चांद, सूर्य, तारांगण से पार रहनेवाले परमशक्ति परमात्मा को याद करना, मन-बुद्धि द्वारा उसे देखना, उनके गुणों का गुणगान करना ही राजयोग है। राजयोग द्वारा हम परमात्मा के मिलन का अनुभव कर सकता हैं। उन्होंने कहा कि राजयोग के अभ्यास द्वारा ही हम काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, घृणा, नफरत आदि मनोविकारों पर जीत प्राप्त कर जीवन को अनेक सद्गुणों से ओतप्रोत व भरपूर कर सकते हैं। राजयोग द्वारा मन को दिशा निर्देश मिलती हैं, जिससे मन का भटकना समाप्त हो जाता हैं। राजयोगी भगवान भाई ने अपने अनुभव के आधार से बताया कि राजयोग के अभ्यास से विपरीत परिस्थिति में भी सकारात्मक चिंतन द्वारा मन को एकाग्र किया जा सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से किया। बीके योगेश्वरी बहन, बीके सुनीता, बीके कुसुम बहन, बीके संवती बहन भी उपस्थित थी।

### छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल हुए जिले के एनएसयूआई कार्यकर्ता



**धमतरी।** प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा को घेरते हुए एक बड़ा आंदोलन कर रही है जिसे छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का नाम दिया गया है। यह न्याय यात्रा गिरौदपुरी धाम से शुरू होकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन राजधानी रायपुर में समाप्त होगी। कांग्रेस की इस छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल होने एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में एनएसयूआई के 50 से अधिक कार्यकर्ता गिरौदपुरी पहुंचे। दूसरे दिन की 27 किलोमीटर की यात्रा में एनएसयूआई कार्यकर्ता शामिल हुए। दूसरे दिन की यात्रा कसडोल से शुरु होकर लोहारसी में रुकेगी। इस न्याय यात्रा में राजा देवांगन के साथ पारसमणि साहू, नोमेश सिन्हा, तेजप्रताप साहू, सुदीप सिन्हा, लक्ष्मीनारायण ध्रुव, लक्की ध्रुव, राकेश नेताम, जय प्रकाश, नेकू परते, त्रिभुवन मंडावी, कृष्णा लहरे, अन्नू कुर्रे, विनय गायकवाड़, यतीन्द्र, उदय साहू, अजय सिन्हा सम्मिलित हुए।

# हजारों शिक्षकों ने मांगी क्रमोन्नति, समयमान, 3 दशक में भी नहीं मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान पर जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान, महासचिव शोभा सिंहदेव, प्रचार मंत्री केशवराम साहू, अर्चना तिवारी, सादराम अजय, लालजी साहू, नंदकुमार साहू, विजय प्रधान, राजेश साहू, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू, प्रदीप वर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, सालिकराम साहू, खिलावन वर्मा, जगदीश सिन्हा की अगुवाई में जिला महासमुंद में कार्यरत एक ही पद पर 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले हजारों शिक्षक एल बी संवर्ग ने अपने नियोक्ता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद तथा अपने-अपने जनपद पंचायतों में क्रमोन्नति समयमान वेतनमान देने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। शिक्षक संवर्ग के द्वारा वर्तमान प्रशासनिक नियंत्रक जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद तथा अपने अपने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को भी पदोन्नति समयमान वेतन हेतु आवेदन देकर शीघ्र क्रमोन्नति समयमान वेतनमान देने हेतु मांग किया गया। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने सोना साहू प्रकरण को आधार मानकर प्रदेशव्यापी क्रमोन्नति समयमान देने के लिए 24 सितंबर से 30 सितंबर तक महाभियान चलाकर अपने अपने नियोक्ता को आवेदन जमा करने का आव्हान किया है। ज्ञातव्य हो कि श्रीमती सोना साहू प्रकरण में उच्च न्यायालय की युगल पीठ ने उन्हें एक ही पद पर 10 वर्ष की सेवा अवधि पर क्रमोन्नति समयमान वेतनमान देने का निर्णय किया है। जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने कहा कि जिले में 1995 से एक ही पद पर कार्यरत सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याता एल बी संवर्ग को विगत 3 दशक के सेवाकाल के पश्चात भी न तो पदोन्नति दी गई और न ही क्षतिपूर्ति के तहत क्रमोन्नत वेतनमान दिया गया। जबकि विभागों की नियमावली में स्पष्ट है कि 10 वर्ष की सेवा पश्चात अगर पदोन्नति न हो तो क्षतिपूर्ति के तहत क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाता है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के संगठन मंत्री पूर्णानंद मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद यादव, पुष्पलता भार्गव, नरेश पटेल, कौतुक पटेल, दीपक देवांगन, वीरेंद्र नर्मदा, खोशिल गेंद्रे आदि शीघ्र क्रमोन्नत वेतनमान देने की मांग की है।


Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

श्राद्ध आमंत्रण



स्व. श्रीमती शोभा कनकराय हिंडोचा
आपको आमंत्रित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नि श्रीमती शोभा कनकराय हिंडोचा का स्वर्गवास दिनांक : 19-04-2022 मंगलवार चै.प. तीज को हो गया है। जिनका पितृतर्पण श्राद्ध कार्यक्रम निम्न है:-
दिनांक : 21-09-2024, शनिवार, आश्विन कृ.पक्ष 4 - इलाहाबाद
दिनांक : 22-09-2024, रविवार, आश्विन कृ.पक्ष 5 - वाराणसी
दिनांक : 23-09-2024, सोमवार, आश्विन कृ.पक्ष 4 - गया श्राद्ध
अतएव गंगा पूजन एवं भोजन प्रसाद वितरण कार्यक्रम में आप सपरिवार सादर आमंत्रित है।
कार्यक्रम
दि.: 30-09-2024, सोमवार, आ.कृ.प. 13
समय : दोप. 12 बजे से आपके आगमन तक...
स्थान : निज निवास ग्राम - कोसमबुड़ा (छुरा)
विनीत:-
कनकराय हिंडोचा
ग्राम - कोसमदुड़ा (छुरा)
मो. 95890-80146
नोट : जिस किसी सज्जन को आमंत्रण न मिला हो कृपया इसे स्वीकार करें।

## खबर संक्षेप



### श्रम मंत्री से मुलाकात कर जताया आभार

**महासमुंद।** भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिका ने छत्तीसगढ़ शासन के श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। श्रम विभाग द्वारा जितने भी मजदूर श्रमिक पंजीकृत हितग्राहियों को पुनः छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रमिक मजदूरों को 49 करोड़ की सौगात दी है। कांग्रेस की कांग्रेस सरकार द्वारा 5 साल तक पंजीकृत श्रमिक मजदूरों को सारे योजनाओं के लाभ से वंचित रखने का काम किया तथा लोगों का शोषण करते रहे। जिसके चलते बीते पांच सालों तक छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस सरकार से त्रस्त हो चुकी थी। भाजपा सरकार बनने के पश्चात युवा, कृषक, मजदूर एवं महिलाओं के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार ने अनेक जनहित योजनाओं को प्रारंभ किया, जिसमें से एक पंजीकृत श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने का काम किया गया। महेंद्र सिका ने मंत्री को शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना की जानकारी देकर योजना के बारे में अवगत कराया। मंत्री लखन लाल देवांगन ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में दाल भात सेंटर सुचारू रूप से प्रारंभ करवाने का आश्वासन दिया।

### घोयनाबाहरा में श्रीमद भागवत कथा 3 से

**नर्रा।** ग्राम घोयनाबाहरा (कोमाखान) में प्रचारक समिति ग्रामवासी संयुक्त तत्वावधान में



स्वर्गीय ईष्ट पितृ की स्मृति में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 3 से 9 अक्टूबर तक किया गया है। कथावाचक भागवताचार्य पं. दिलीप त्रिपाठी होंगे। कथा रसपान दोपहर 2 बजे से संध्या 6 बजे तक होगा। 3 अक्टूबर गुरुवार को जल यात्रा, गौरी पूजा, 4 अक्टूबर शुक्रवार को चौंबीस अवतार सती, कथा 5 अक्टूबर शनिवार वामन जन्म कथा, 6 अक्टूबर रविवार कृष्ण राम जन्म दही लूट, 7 अक्टूबर सोमवार, रूखमणी विवाह प्रद्युमन जन्म, 8 अक्टूबर मंगलवार सुदामा चरित्र तुलसी वर्षा, 9 अक्टूबर बुधवार को परिक्षित मोक्ष यज्ञ भंडारा प्रसादी वितरण होगा। भद्भागवत कथा प्रचारक समिति के नीलकंठ दीवान भूपेंद्र साहू, भुनेश्वर ठाकुर, मानसिंह ठाकुर, तूफान दीवान, दिलीप साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।



### छात्रों को कराया गया औद्योगिक भ्रमण

**नर्रा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के दोनों ट्रेड ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर के छात्रों को विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। संस्था के प्राचार्य सुबोध तिवारी ने बताया कि व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत छात्रों को उनके ट्रेड से संबंधित व्यवहारिक एवं प्रायोगिक ज्ञान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर इंडस्ट्रियल विजिट एवं ग्रीष्म काल में ऑन जॉब ट्रेनिंग कराया जाता है। दोनो ट्रेड के प्रशिक्षक जयंत साहू (ऑटोमोबाइल) एवं अरविंद ठाकुर (इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर) के मार्गदर्शन में छात्रों को बिजली उपकेंद्र सबस्टेशन नर्रा और न्यू गुरुनानक ऑटो कोमाखान में छात्रों का उनके ट्रेड से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औद्योगिक भ्रमण कराया गया।

# जोन स्तर पर नवोदय एवं प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड महासमुंद में बच्चों की प्रतिभा को आगे लाने के लिए विकास खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करने के लिए, उनकी कठिनाई को दूर करने के लिए उत्साही, सक्रिय, समयदानी शिक्षकों के सहयोग से नवोदय विद्यालय एवं प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है।

यह तैयारी प्रत्येक रविवार को जोन स्तर पर प्रारंभ किया गया है। इस बाबत विकासखंड को अलग-अलग जोन में बांटा गया है। महासमुंद जोन में महासमुंद क्षेत्र के आसपास के बच्चे प्राथमिक शाला बृजराज में उपस्थित होते हैं। झलप जोन के बच्चे गोगल में उपस्थित होकर लुकेश्वर ध्रुव, भूषण साहू, पितेश्वर ध्रुव, लेखराम पटेल के नेतृत्व में सीख रहे हैं। भविष्य में सीएसी सतीश तिवारी, मनीष चंद्राकर, कौशल किशोर सिन्हा, शाहिद खान के नेतृत्व में झलप जोन में कक्षा संचालित कराएंगे। पटेवा जोन के विद्यार्थी मिडिल स्कूल पटेवा में सीएसी राजू देवांगन एवं योगेश निर्मलकर, घनश्याम



यादव, रविकांत पुरी गोस्वामी, दुलारी चंद्राकर, अंजू ध्रुव के नेतृत्व सीख रहे हैं। सिरपुर जोन में भी बहुत जल्दी कक्षा प्रारंभ की तैयारी चल रही है। महासमुंद जोन में बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने उपस्थित शिक्षकों और बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि नवोदय विद्यालय एक सरकारी विद्यालय है, जो भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है।

इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना और प्रतिभाशाली छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करना है। वहीं प्रयास विद्यालय एक शैक्षिक संस्थान है जो छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह विद्यालय छात्रों की शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास के लिए विभिन्न प्रयास करता है। दोनों ही विद्यालय अपने आप में बहुत ही उत्कृष्ट हैं जहां के चयन परीक्षा में हजारों विद्यार्थी भाग लेते है। सुनियोजित ढंग से इसके पाठ्यक्रम की तैयारी कराई जाए तो बच्चों को सफलता जरूर मिलेगी।

बच्चे कुछ न कुछ जरूर सीखेंगे और आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर सीएसी सुरेंद्र चंद्राकर, ए चंद्रशेखर डोरा, शिक्षिका लता वैष्णव, भारती सोनी, शिक्षक दुबे कुमार पटेल, प्रधानपाठक निहारिका चंद्राकर, सहायक शिक्षक डिगेश पुरैना, खेमिन साहू एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और बच्चे उपस्थित थे।

## कार्यक्रम : छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन का आयोजन

# तीज एवं सृजन सम्मान समारोह में शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई महासमुंद के तत्वावधान में तीज मिलन एवं सृजक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। अध्यक्षता नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने की। विशेष अतिथि रमेश साहू भाजपा नेता, विनय मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ़ बड़ौदा, जीतू सिंह तोमर बैंक ऑफ बड़ौदा, एस चंद्रसेन सेवानिवृत्त उपसंचालक शिक्षा संभाग रायपुर, लता कैलाश, टेकराम सेन जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, रेखराज शर्मा सहसंयोजक छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, ईश्वर चंद्राकर प्रदेश सचिव छग सहायक शिक्षक फेडरेशन, सिराज बख्श कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, बीपी मेश्राम विधिक सलाहकार, बाबूलाल ध्रुव ब्लॉक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन रहे।

इस मौके पर तीज मिलन एवं सृजक सम्मान समारोह में महिला शिक्षिकाओं के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें रस्सा खींच, मटका फोड़, रिंग रिंग, तुलसीदास कुर्सी दौड़, बकेट बॉल खेल हुआ। कार्यक्रम में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंधक विनय कुमार लोन, प्रबंधक जीतू सिंह तोमर एवं शासकीय सेवकों के सैलरी अकाउंट, विशेषज्ञ सूरज गुप्ता द्वारा बैंकिंग



सेलरी अकाउंट लोन आर्थिक निवेश आदि के क्षेत्र में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वप्न को सरकार करने विकसित भारत 2047 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर ऐसा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो तारीफ ए काबिल है। साथ ही महिलाओं के लिए तीज मिलन समारोह का आयोजन कर महिलाओं के मनोरंजन एवं आनंद के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन सहित सृजनात्मक रचनात्मक कार्य करना सराहनीय है। नपाध्यक्ष राशि महिलांग ने कहा कि तीज मिलन के साथ-साथ सृजन सम्मान समारोह का आयोजन अनोखा कार्यक्रम है। जिसमें ऐसे व्यक्तित्व का सम्मान किया जा रहा है जो अन्य लोगों को में हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर बनाए है। कार्यक्रम को एस चंद्रसेन, सिराज बख्श भी संबोधित किया।

बाद मुख्य कार्यक्रम सृजन सम्मान समारोह अंतर्गत सर्वप्रथम सेवानिवृत शिक्षक में एस चंद्रसेन उपसंचालक शिक्षा संभाग रायपुर, रघुनाथ सिन्हा एमपी साहू, मधु शर्मा, रामकुमार साहू, गणेश चंद्र गोहिल, शहनाज परवीन, सुरेंद्र अग्निहोत्री, भारत कन्नौज, कुंती देवांगन को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सृजक सम्मान के क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक सामग्री सर्विस के क्षेत्र में लोमेश आनंद ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में देव साहू ब्यूटीशियन एवं बुटीक के क्षेत्र में सविता सेन टेलरिंग के क्षेत्र में नारायण नामदेव राजमिस्त्री के क्षेत्र में विनोद कुमार साहू साहित्य के क्षेत्र में भागवत जगत भूमिल संगीत एवं वादन के क्षेत्र में विरोध कुमार असगर कारपेंटर के क्षेत्र में कांशी चक्रधारी को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सृजन शिक्षक सम्मान अंतर्गत हेमेंद्र आचार्य प्राचार्य, कौशल शुक्ला, टोहन देवांगन, सतरूपा चंद्राकर, शशि मरकाम, गायत्री ठाकुर, योगेश कुमार निर्मलकर , दुलारी चंद्राकर, भूषण कुमार साहू, विनय कुमार साहू, प्रतिभा सिदार, शुभ्रा बघेल, देवेंद्र दीवान, मन्नू लाल चौधरी, मोहनलाल साहू, भोजराम पटेल, ममता शर्मा, पुष्पा साहू, पूरन सिंह बघेल, नम्रता यादव, सुमन ध्रुव, हेमू कुमार पटेल, राधेश्याम ध्रुव, मोहित चंद्राकर, घनश्याम कुमार यादव का सभी सम्मान किया गया। इसके अलावा तीज मिलन समारोह के उपलक्ष्य पर महिलाओं के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़ में प्रथम सुनीता दुबे, द्वितीय फुलेश्वरी दीवान, रस्साखींच में विजेता अंजू ध्रुव, कुलेश्वरी चंद्राकर, कमल पटेल, सुनीता ध्रुव, लीना पांडे, फुलेश्वरी दीवान, गीता पटेल, मटका फोड़ में विजेता योगिता सिन्हा, रिंगारिंग में विजेता प्रियंका नामदेव, हेमलता कोसरे, बकेट बॉल में विजेता लोमिन साहू, ज्योति नेताम को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में लव निर्मलकर, आत्माराम साहू, राजेश भालेराव, अजय बंजारे, पुरुषोत्तम चंद्राकर, मुनिया निर्मलकर समेत छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई महासमुंद के समस्त पदाधिकारियों सहित समस्त शिक्षकों का सहयोग रहा।

# गौध्वज स्थापना भारत यात्रा को सफल बनाने हुई तैयारी बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गौ प्रतिष्ठा जन आंदोलन ज्योतिर्मठ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरआनंद सरस्वती एवं गौ क्रांति अग्रदूत गोपाल मणि महाराज के नेतृत्व में गौ ध्वजस्थापना भारत यात्रा 7 अक्टूबर को 11 बजे स्थान पं दीनदयाल ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज के पास राजधानी पहुंचेगी जहां महाराज द्वारा जनसभा को संबोधित किया जाना है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रचार प्रसार प्रभारी-आचार्य झंनकलाल बिसेन एवं सहयोगी आचार्य पंडित अमित उपाध्याय एवं मनमत शर्मा तथा रायपुर लोकसभा गो सांसद गैंदलाल चंद्राकर की उपस्थिति में प्रमुख जिम्मेदार नागरिकों की बैठक महासमुंद के गायत्री शक्तिपीठ में हुई। जिसमें पहले क्षेत्र की समस्या, गांव व शहरों से गौवंशों की हो रही तस्करी एवं दुर्दशा पर सभी ने बारी-बारी से अपने विचार पधारे प्रभारी के सामने रखा। उन्होंने बड़ी सहजता से सबका समाधान बताते हुए एक ही उपाय गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान केंद्र सरकार से दिलवा कर गौहत्या मुक्त भारत बनाने समाधान दिया। इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लेते हुए प्रत्येक प्रखंडों तक गोष्ठी लेकर आंदोलन को उग्र बनाने व गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कराने जन-जन तक पहुंचाकर अपनी सत्य सनातन हिंदू संस्कृति को बचाने के लिए और अधिक से अधिक संख्या में रायपुर जनसभा में जाने के लिए क्षेत्रों में संकल्प कराने का निर्णय लिया गया। गोष्ठी में उपस्थित भाई - बहनों ने रायपुर सभा के लिए 102 की संख्या का व्यक्तिगत रूप से संकल्प लिया। इस गोष्ठी में एमएल साहू, उपजोन सह समन्वयक, नरेंद्र नायक ब्लॉक समन्वयक, राधेश्याम चंद्राकर, व्यासनारायण साहू, कैलाश राठी, परस चौहान, विश्राम साहू, हीरालाल साहू, भूपेंद्र राठौर महिला मंडल से निशा चंद्राकर, पूर्णिमा साहू के साथ गायत्री परिजन व गौ सेवक उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित हुए गिरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

कबड्डी के राज्य स्तरी निर्णायक, सामाजिक कार्यकर्ता, राज्यपाल पुरस्कृत स्काउटर के रूप में ख्याति प्राप्त शिक्षक गिरीश कुमार पाढ़ी को उत्कृष्ट शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ समग्र विकास मंच दुर्ग में सम्मानित किया गया।

मालवीय नगर चौक के समीप खालसा पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल दुर्ग में छात्र व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास और समाज सेवा के लिए संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक (ज्योति बाई फुले शिक्षा 2024 ) सम्मान का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव, पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स गाइड्स



संघ छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि के रूप में ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के विधायक, निधि चंद्राकर, रवि सिंगौर रहे।

शिक्षा कला साहित्य आदि विभिन्न क्षेत्रों से कुल 215 शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। इस संस्था के संरक्षक परसराम साहू, संस्थापक संजय कुमार मैथिल, प्रांतीय अध्यक्ष मीना भारद्वाज, उपाध्यक्ष महादेव जायसवाल, महासचिव वीरेंद्र साहू के सफल मार्गदर्शन में न केवल दुर्ग जिला के शिक्षक बल्कि रायपुर, रायगढ़, सारंगढ़, महासमुंद, जांजगीर चांपा, कोरबा, शक्ति, सरगुजा, एमसीबी, धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, राजनांदगांव, बालौद, कबीरधाम अन्य जिले के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

# दुर्गा विद्यालय में स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लंबर दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित रासेयो इकाई द्वारा डॉ मालती तिवारी जिला संगठक के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य जीपी पटेल के दिशा निर्देश तथा आरके पटेल कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें बाजार पडाव, मंदिर परिसर, विद्यालय परिसर, स्वास्थ्य केंद्र परिसर, दुर्गा पंडाल परिसर, रंगमंच परिसर एवं गांव की गली शामिल है। साफ-सफाई करने पश्चात स्वच्छता रैली निकालकर लोगो को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य जीपी पटेल, जीएस तोमर, श्याम सुंदर चौधरी ने झाडू लगाकर



स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए गांव-गली में साफ-सफाई का संदेश दिया। रैली में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. वाय. के साहू, डॉ दुर्जय प्रधान, शशिकिरण ग्वाल, दुर्गा जगत, स्कूल स्टॉप से जेके जायसवाल, बीएल साहू, सीआर जायसवाल, टीआर जायसवाल एमडी मानिकपुरी, एलके साहू, एलके सिदार, एफएस बरिहा, खिरोद सिदार ने साफ-सफाई में सहभागिता निभाई।

स्वयं सेवकों में हेमलता यादव एनएसएस दल नायिका , मनीषा साहू, लालिका श्रीवास, शशि बरिहा, रितू पटेल, विद्या साहू, नीलम साहू, रिया साहू, दिनेश निषाद, कृष्णकुमार पटेल, मनीष दास, प्रशांत साहू, लोकेश साहू, नीरज साहू, विक्की पटेल, धनुर्जय श्रीवास, चमन खुंटे, पवन, पीयूष सिदार ने विशेष कार्य किया गया। उक्त जानकारी कार्यक्रम अधिकारी आरके पटेल ने दी है।

# भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक शहर मंडल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा की सदस्यता अभियान और मन की बात कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में शहर मंडल की आवश्यक बैठक 28 सितंबर को विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, सदस्यता अभियान जिला संयोजक संदीप दीवान की उपस्थिति में हुई।

मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने शहर में चल रहे भाजपा के सदस्यता अभियान की आंकड़ों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से और अधिक सक्रियता से जुटने की अपील करते हुए कहा कि नए सदस्यता के निर्धारित लक्ष्य को बूथों में जाकर हम घर-घर संपर्क से ही पूरा कर सकते हैं। जिला महामंत्री



प्रदीप चंद्राकर ने जिला एवं शहर मंडल की सदस्यता की समीक्षा करते हुए कहा कि शीर्ष संगठन के मंशानुरूप दिये गए लक्ष्य की दिशा में हम सभी आगे बढ़ तो रहे है, पर और अधिक परिश्रम से हम सभी को नागरिकों को सदस्य बनाने बूथों पर मेहनत करना होगा। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में विष्णुदेव साय की सरकार जनभावनाओं के अनुरुप कार्य कर रही है। संदीप दीवान ने सदस्यता अभियान की जिला स्तर की आंकड़ों की जानकारी देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सदस्यता ग्रहण करने के लिए आम जनमानस में उत्साह है। वरिष्ठ भाजपा नेता माधव टांकसाले ने भी सदस्यता अभियान के बाबत अपने उद्बोधन में अभियान की सफलता के लिए समर्पित भाव से समय देकर सदस्यता अभियान में जुटे रहने का आह्वान किया। बैठक का संचालन पार्षद महेंद्र जैन और आभार मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन ने किया। बैठक में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, सदस्यता अभियान टोली सदस्य देवीचंद राठी, पार्षद मीना वर्मा, दिनेश रूपरेला, मनीष शर्मा, निरंजना शर्मा, सुधा साहू, शुभ्रा शर्मा, गोपाल वर्मा, हाफिज कुरैशी, महेंद्र सिक्का, उत्तरा प्रहरे, मुन्ना देवार, पवन पटेल, भगवती करकसे, हनीश बग्गा, अग्रज शर्मा, सुरेखा कंवर, लक्ष्मी साहू, लक्ष्मीकांत पाणिग्रही, माखन पटेल, सोनाधर सोनवानी, आकाश पांडेय, अभिषेक पांडेय, चनद्रिका चौबे, मोहम्मद मसूद, यतींद्र राव, राकेश पटवा, सुरेश कुमार साहू, भूपेंद्र सार्वा, दुर्गा चंद्राकर, चंद्रलेखा साहू, शुभम बाघ, रोशन बग्गा, दिलीप अजगर, महेश चौहान आदि मौजूद रहे।

